## प्राचार्य का कार्यालय
## अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया
### निविदा सूचना

ज्ञापांक– 732

दिनांक– 01.04.23

वितीय वर्ष 2023–24 मे आवश्यकता को देखते हुए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के विभिन्न विभागो एवं छात्रावासों में लगे Water Cooler का रख–रखाव सामानों के साथ Comprehensive Annual Maintenance Contract(CAMC) के तहत मरम्मति कार्य उसमें लगने वाले सामानों सहित कराने हेतु मुहरबंद लिफाफे में निबंधित/स्पीड डाक द्वारा इच्छुक निविदादाता एवं निबंधित मरम्मतिकर्ताओं जो अनुभवी हैं, प्रथम निविदा प्रकाशन की तिथि से इक्कीसवे दिन के अपराहन 5:00 बजे तक हार्ड कॉपी के साथ निविदा द्वारा दर आमंत्रित किया जाता है। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दो तरह की होगी। (क) तकनीकी निविदा (ख) वितीय निविदा। दोनों निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़ें लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिए निविदा दिया जा रहा है, अंकित कर प्राचार्य, अनुगह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया को भेजना होगा। निविदा कम्प्युटराईज होना चाहिए। काट–कूट एवं लिप्त लेपन वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिये अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ सत्यांकर राशि के रूप में रू0 10000/–(दस हजार रूपये) मात्र का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट अथवा एन0एस0सी0 जो प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। नियम एवं शर्त की प्रति निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रुपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए www.anmmc.ac.in, state .bihar.gov.in/prdbihar पर देखें अथवा कार्यालय से सम्पर्क करें।

01/4/23

प्राचार्य
अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया।

01.4.2023

# A. N. MAGADH MEDICAL COLLEGE, GAYA (BIHAR)

PRINCIPAL
A. N. Magadh Medical College,
Gaya – 823001 (Bihar) India

Phone & Fax :- 9470003290
Email :- princ_anmc@rediffmail. com

पत्रांक– 732

गया,दिनांक– 01.04.23

## निविदा सूचना

वितीय वर्ष 2023–24 मे आवश्यकता को देखते हुए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के विभिन्न विभागों एवं छात्रावासों में लगे water Cooler का रख–रखाव सामानों के साथ Comprehensive Annual Maintenance Contract(CMC) के तहत मरम्मति कार्य उसमें लगने वाले सामानों सहित कराने हेतु मुहरबंद लिफाफे में निबंधित/स्पीड डाक द्वारा इच्छुक निविदादाता एवं निबंधित मरम्मतिकर्ताओं जो अनुभवी हैं, प्रथम निविदा प्रकाशन की तिथि से इक्कीसवे दिन के अपराह्न 5:00 बजे तक हार्ड कॉपी के साथ निविदा द्वारा दर आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिये अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम एवं शर्त की प्रति निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रुपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

| Sl. No. | Item Name | Make & Model | No. of RO Water Plant | CAMC Rate without Tax | CAMC Rate with Tax |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Water Cooler** | Voltas-80ltr | NGH-8pcs,OBH-1pcs,DQ-1pcs, ,Anatomy-1, ,Micro-1,Pharma-1, NBH-1-1pcs, Nutan Lecture Hall-1pcs,Central Library-1pcs, | | |
| 02 | **Water Cooler** | Blue Star-80ltr. | GH-3pcs,PG Boys-2pcs,NBH-1-2pcs,NBH-2-2pcs,PG Girls-2pcs,OBH-1pcs,Dhanwantri-2pcs,PSM-1, VRDL-1 ,Administrative Building-1pcs, Library-1pcs , | | |

1. क्रय समिति के द्वारा न्यूनतम दर अनुमोदित होने उपरांत उन्हें एकरारनामा के साथ सत्यांकर राशि के रूप में रू0 अनुमोदित राशि का पॉच प्रतिशत मात्र का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट अथवा एन0एस0सी0 जो प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से हो कोटेशनदाता/मरम्मतिकर्ता को जमा करना अनिवार्य होगा। दर अनुमोदित होने पर जब तक अनुबंध अवधि रहेगा, अग्रधन की राशि वापस नहीं किया जाएगा।
2. इच्छुक मरम्मतिकर्ता अपना निविदा कम्प्यूटर टंकित कार्यालय में Aadhar Card, Bank Detail with IFSC, Pan card, GST No. की छायाप्रति संलग्न कर समर्पित करें। जिसे स्वअभिप्रमाणित करना होगा।
3. किसी सरकारी/गैर सरकारी संस्थान द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं करने संबंधी घोषणा पत्र संलग्न करना होगा।
4. Water Cooler के मरम्मति के क्रम उसमें लगने वाले प्रत्येक सामानों का दर अलग से अंकित करना होगा। संविदा में अतिरिक्त पूर्जे, पंप, कंप्रेस्र के बदलने, फैन मोटर्स, मोटर मरम्मति, गैस भरने/गैस की लागत सहित, सफाई, केमिकल धुलाई, नाली/पानी तथा ताबें की पाइप का प्रतिस्थापन(बदलाव) या

किसी भी अन्य भाग जो कि यंत्र को परिचालित रखने के लिए आवश्यक हो, श्रम शुल्क इत्यादि की लागत शामिल होगी।

5. उपयुर्क्त सामग्री का दर बाजार दर से कम अंकित करना होगा। आपूर्तिकर्ता इस शर्त के आलोक में ही निविदा में दर अंकित करेगें। साथ ही इस आशय का घोषणा पत्र निविदा के साथ संलग्न करेगें कि निविदा में अंकित सामानों का दर बाजार दर से कम अंकित किया गया है। यदि भविष्य में दर बाजार दर से अधिक पाया जाता है तो उसकी वसूली मरम्मर्तिकर्ता से किसी भी समय की जाएगी।

6. निविदा में कार्यो/सामानों का CAMC दर टैक्स(जी0एस0टी0) सहित एवं (जी0एस0टी0)रहित स्पष्ट रुप से अंकित करेंगें। दोनों दर अंकित नहीं रहने पर कोटेशन रद्द समझा जायेगा।

7. उपरोक्त Water Cooler का मरम्मति संबंधी कार्यों का एक वर्ष तक का संविदा होगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने के फलस्वरुप संविदा अवधि विस्तारित पर विचार किया जायेगा।

8. निविदा जमा करने के पूर्व फर्म किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराहन 4 बजे तक Water Cooler का निरीक्षण कर सकते है।

9. अगर कोई शिकायत दर्ज होती है या कॉल किए जाने पर मरम्मतिकर्ता को 24 घंटे के अंदर मरम्मति करना अनवार्य होगा। विलंब की स्थिति में उनके अंतिम बिल से रु. 200/-प्रति दिन की दर से राशि काट ली जायेगी।

10. मरम्मति किये गए मशीनो/उपकरण का संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष/वार्डेन के द्वारा किए गए मरम्मति का कार्य संतोषप्रद होने से संबंधी प्रमाण पत्र मिलने के बाद किये गये कार्यों का विपत्र चार प्रतियों में Aadhar Card, Bank Detail with IFSC, Pan card, GST No. की छायाप्रति संलग्न कर समर्पित करने के उपरांत भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।

11. विपत्र का भुगतान चार बराबर किस्तों में नियमतः स्रोत पर इनकम टैक्स आदि कटौती करने के बाद किया जाएगा एवं विलंब के लिए अलग से कोई शुल्क नहीं दिया जायेगा।

12. भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

13. आवंटन रहने के पश्चात विपत्र का भुगतान किया जायेगा।

14. अधोहस्ताक्षारी को यह पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को रद्द अथवा अस्वीकृत किया जा सकता है। साथ ही निविदा की तिथि में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

15. किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र जिला स्तर गया न्यायालय होगा।

01/04/23

प्राचार्य

अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया

01.4.2023